NOTE FOR JUSTI FICATION

परियोजना का नामः— जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत ग्राम डुंगरी से कुंजबरगल तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 5.050 किमी०)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा निर्मित डुंगरी मोटर मार्ग के किमी0 2.00 से प्रारम्भ होकर ग्राम–डुंगरी होते हुए ग्राम–कुंजबरगल, धमोली स्कूल को जोड़ता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम–डुंगरी,कुंजबरगल एवं धमोली आदि ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। उक्त ग्रामों की कुल आबादी **796** है। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे एवं ग्रामवासियों का पलायन भी रूकेगा।

यह समरेखन सिविल भूमि 0.900 है0 तथा नाप भूमि 3.645 है0 से होकर गुजरता है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त मोटर मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 5.050 है तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में सिविल भूमि 0.900 है0 तथा नाप भूमि 3.645 है0 प्रभावित होती है उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

समरेखन नं0 1:– यह समरेखन पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा निर्मित डुंगरी मोटर मार्ग के किमी0 2.00 से प्रारम्भ होकर ग्राम–कुंजबरगल, धमोली स्कूल को जोड़ता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 5.050 किमी0 आती है। इस समरेखन में 05 एच0पी0 बैण्ड आते हैं तथा तकनीकी दृष्टि से मार्ग का ग्रेड सही है। इस समरेखन में वन पंचायत भूमि एवं नाप भूमि आ रही है। इस समरेखन में ग्रामवासियों को सहमति प्राप्त है तथा ग्राम डुंगरी, कुंजबरगल, धमोली इत्यादि ग्राम लाभान्वित होते हैं।

समरेखन नं0 2:– यह समरेखन पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा निर्मित डुंगरी मोटर मार्ग के किमी0 2.00 से प्रारम्भ होकर ग्राम–कुंजबरगल, धमोली स्कूल को जोड़ता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 5.050 किमी0 आती है। इस समरेखन में 07 एच0पी0 बैण्ड आते हैं तथा तकनीकी दृष्टि से मार्ग का ग्रेड सही नहीं है। इस समरेखन में वन पंचायत भूमि एवं नाप भूमि आ रही है। इस समरेखन में प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त नहीं है तथा ग्राम डुंगरी, कुंजबरगल, धमोली इत्यादि ग्राम लाभान्वित होते हैं।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में 0.900 है0 भूमि प्रभावित होती है जो न्यूनतम है। मोटर मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 5.050 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गई हैं। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित सिविल भूमि (राज्य भूमि) का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

कनिष्ठ अभियन्ता नि.ख.लो.नि.वि अल्मोड़ा	सहायक अभियन्ता नि.ख.लो.नि.वि अल्मोड़ा	अधिशासी अभियन्ता नि.ख.लो.नि.वि अल्मोड़ा

प्रभागीय वनाधिकारी,
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग
अल्मोड़ा

वन क्षेत्राधिकारी,
...